**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2341**

**गुरुवार, 20 मार्च, 2025/29 फाल्गुन, 1946 (शक)**

**रोजगार के अतिरिक्त अवसर**

**2341. श्रीमती मौसम बी नूर:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान कार्यान्वित की गई विकास योजनाओं के परिणामस्वरूप देश में रोजगार के अतिरिक्त अवसर सृजित हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार के रिकॉर्ड के अनुसार बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए राष्ट्रीय शहरी युवा रोजगार कार्यक्रमों के तहत किन क्षेत्रों में नौकरियां सृजित की गई हैं**?**

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): रोजगार सृजन के साथ-साथ नियोजनीयता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, सरकार देश में विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू कर रही है। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आदि शामिल हैं। सरकार द्वारा लागू की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

पिछले पांच वर्षों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में केन्द्र सरकार की चुनिंदा योजनाओं के माध्यम से सृजित रोजगार का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डेटा स्रोत है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण की अवधि प्रति वर्ष जुलाई से जून तक होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **यूआर (% में)** |
|---|---|
| 2019-20 | 4.8 |
| 2020-21 | 4.2 |
| 2021-22 | 4.1 |
| 2022-23 | 3.2 |
| 2023-24 | 3.2 |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) में पिछले कुछ वर्षों में कमी की प्रवृत्ति रही है।

भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है। दिनांक 28.02.2025 तक, एनसीएस पोर्टल पर 4.7 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं।

*****

**अनुबंध**

**राज्य सभा के दिनांक 20.03.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2341 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

## केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत रोजगार सृजन/लाभार्थी

| क्र.सं. | योजना/कार्यक्रम का नाम | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) (ऋण खातों की संख्या)) [वर्ष 2019-20 से वर्ष 2024-25] (दिनांक 01.11.2024 तक) | 6,22,37,981 | 5,07,35,046 | 5,37,95,526 | 6,23,10,598 | 6,67,77,013 |
| 2 | प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) (स्वीकृत ऋण की संख्या) (वर्ष 2020-21 से 2024-25) (दिनांक 26.01.2025 तक) | - | 22,36,970 | 11,26,040 | 14,95,274 | 39,35,728 |
| 3 | प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) (अनुमानित सृजित रोजगार की संख्या) (वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक) (29.01.2025 तक) | 5,33,224 | 5,95,320 | 8,25,760 | 6,81,336 | 7,12,944 |
| 4 | महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) (सृजित मानव दिवसों की संख्या लाख में) (वर्ष 2019-20 से 2024-25) (दिनांक 05.03.2025 तक) | 26520.54 | 38869.49 | 36310.21 | 29561.65 | 31226.02 |
| 5 | दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) (नियोजित अभ्यर्थियों की संख्या) (वर्ष 2019-20 से 2024-25) (दिनांक 31.01.2025) | 1,50,214 | 49,563 | 45,612 | 1,58,130 | 1,58,096 |
| 6 | ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) (नियोजित अभ्यर्थियों की संख्या) [वर्ष 2019-20 से 2024-25] (दिनांक 31.01.2025 तक) | 2,81,645 | 1,85,234 | 2,56,429 | 3,25,880 | 3,50,272 |
| 7 | दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) (कुशल प्रशिक्षित नियोजित अभ्यर्थियों की संख्या) [वर्ष 2019-20 से 2023-24] | 83,737 | 44,135 | 63,519 | 1,20,478 | 54,717 |

**स्रोत: संबंधित मंत्रालय**